**Demand to fill the vacancies reserved for OBCs in Government Services on priority basis**

**श्री राम नाथ ठाकुर** (बिहार) **:** सभापति महोदय, समाज के आरक्षित समुदाय के हितों की रक्षा करना तथा सरकारी सेवाओं में उनके प्रतिनिधित्व को उनकी आबादी के अनुपात में वृद्धि करना सरकार का पवित्र दायित्व है, लेकिन यह दुखद है कि केन्द्र सरकार के मंत्रालयों में बड़ी संख्या में इन समुदायों के लिये आरक्षित पद रिक्त हैं। एक अनुमान के अनुसार मार्च, 2020 की स्थिति यह थी कि अन्य पिछड़े वर्गों के लिए केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में आरक्षित कुल 20,444 पदों में से 10,859 पद रिक्त थे। इसका अभिप्राय यह है कि अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षित लगभग 50 प्रतिशत पद खाली हैं। एक विशेष अभियान चलाकर इन रिक्त पदों को भरा जाये अन्यथा जिस आशा और उम्मीद से इन पदों को इस समुदाय के लोगों के लिए आरक्षित किया गया था, वह लक्ष्य हासिल नहीं हो पायेगा। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और राज्य सरकारों द्वारा अपने कार्यालयों में दिए जाने वाले आरक्षण में भी समयबद्ध आधार पर विशेष अभियान चलाकर रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए, तभी हम इस वंचित समुदाय के लोगों के साथ न्याय कर पायेंगे।

श्रीमान्, मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि जिस प्रकार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए रोस्टर निर्धारित किया गया है तथा समय- समय पर विशेष भर्ती अभियान चलाकर उन वर्गों के लिए आरक्षित पदों को भरा जाता है ताकि सर्वत्र उनका आनुपातिक प्रतिनिधित्व बरकरार रहे, उसी तरह से अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित पदों को भी भरा जाना चाहिए।

**श्री विशम्भर प्रसाद निषाद** (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति महोदय, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

**प्रो. मनोज कुमार झा** (बिहार) : माननीय सभापति महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

**श्री हरनाथ सिंह यादव** (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. AMEE YAJNIK (Gujarat): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

SHRI BHASKAR RAO NEKKANTI (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

SHRI SUBHASH CHANDRA SINGH (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

**Demand to develop Pachnada confluence of five rivers in Auraiya and Etawah districts in Uttar Pradesh as a tourist spot**

**श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा** (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपका और इस सदन का ध्यान ऐसे स्थान की ओर आकर्षित करना चाहती हूं, जो विश्व में एकमात्र स्थान है। यह स्थान उत्तर प्रदेश के इटावा, औरैया जनपद में प्रकृति द्वारा एक उपहार है, जिसमें पाँच नदियों का संगम है, जिसे "पचनदा" के नाम से जाना जाता है। यह यमुना, कुवारी, सिंधु, पहुज व चम्बल नदियों का संगम है, इसे ज्ञान का स्थान भी कहा जाता है। *

**श्री सभापति** : आपने मुझे जो टेक्स्ट दिया है, वही टेक्स्ट पढ़ना है।

**श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा** :*

**श्री सभापति** : गीता जी, आपने मुझे जो टेक्स्ट दिया है, वही टेक्स्ट पढ़ना है।

**श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा** : सर, वही है। मान्यवर, पांच नदियों के इस संगम स्थल पर पर्यटन व अन्य परियोजनाओं की बहुत सी संभावनाएं हैं। कुछ समय पूर्व, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने पचनदा को बांध परियोजना के रूप में विकसित करने का ऐलान किया व इस परियोजना के तहत 100 करोड़ रुपये की धनराशि का बजट में प्रावधान भी किया है। प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व राजस्थान के आस्था से जुड़े हजारों, लाखों श्रद्धालु संगम स्थल पर एकत्रित होते हैं और ईश्वर की साधना करते हैं।

महोदय केंद्र सरकार द्वारा देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि इन योजनाओं से

---

* Not recorded.